प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग,
जल संसाधन भवन, तुलसी नगर–03
दूरभाष 2552646,2552878 फैक्स 2552406,2551253
Email-encwrbpl-@mp.nic.in
–0–

क्रमांक 3314100 / 1–7 / 2022 -655 भोपाल, दिनांक 26 मई,2022

प्रति,

सदस्य अभियांत्रिकी,
नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण,
भोपाल{मध्यप्रदेश}

विषयः– मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब, की 32वीं अन्तरक्षेत्रीय विभागीय खेल प्रतियोगिता मुख्यालय–जबलपुर में आयोजन के सम्बन्ध में ।

संदर्भः– प्रान्तीय अध्यक्ष, मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग स्पोर्टस क्लब, भोपाल द्वारा क्रमांक 89 / म0प्र0सिं. / जसवि / स्पो0 क्लब / 2022 दिनाक 23–05–2022

–0–

प्रान्तीय अध्यक्ष, मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग स्पोर्टस क्लब, भोपाल{सुलभ संदर्भ हेतु छाया प्रति संलग्न} द्वारा सूचित किया गया है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभाग की 32वीं अन्तर क्षैत्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षैत्रीय स्पोर्टस क्लब, जबलपुर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है । जबलपुर क्षैत्र में आयोजित होने वाली आगामी 32वीं अन्तरक्षेत्रीय विभागीय खेल प्रतियोगिता को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल के बजट से आयोजित की जाना है ।

2– इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति यह है कि जल संसाधन विभाग एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों / कर्मचारियों की पिछली 31वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता दिनांक 16–12–2021 से 22–12–2021 तक मुख्यालय–भोपाल में सुचारू रूप से सफल संचालन, गरिमापूर्ण ढंग से सफलता पूर्ण सम्पन्न हुई है ।

3– उक्त दर्शित स्थिति में आपसे निवेदन है कि तदनुसार कार्यपालन यंत्री को आयोजक एवं अनुविभागीय अधिकारी, को उप आयोजक नियुक्त करने तथा साथ ही क्षैत्रीय अध्यक्ष एवम् प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी–जबलपुर के सहयोग से प्रतियोगिता सम्बन्धी पूर्ण तैयारी हेतु प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें, उक्त विभागीय खेल प्रतियोगिता हेतु तिथिवार अर्थात् प्रारम्भ से समापन तक आयोजित प्रतियोगिता एवं खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधा / सम्मान सहित प्रत्येक आयोजन हेतु विस्तृत रूप–रेखा सुनिश्चित करते हुए प्रतियोगिता सम्बन्धी पूर्ण तैयारी की जाकर प्रतियोगिता गरिमापूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न करने हेतु निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें ।

26/5/22
(मदन सिंह डाबर)
प्रमुख अभियन्ता

–2–

26/05/2022 15:29

पृष्ठाकंन कमांक 3314100/1–7/2022 -656 भोपाल, दिनांक 26 मई,2022
प्रतिलिपिः–

1– अपर मुख्य सचिव,मध्यप्रदेश शासन,जल संसाधन विभाग,मंत्रालय, भोपाल
2– अपर मुख्य,मध्यप्रदेश शासन,नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण,मंत्रालय, भोपाल,
3– संचालक,(प्रशासन) नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, भोपाल,
4– समस्त मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियन्ता,नर्मदा घाटी विकास विभाग ——————————.
5– समस्त अधीक्षण यंत्री,/कार्यपालन यंत्री,जल संसाधन विभाग/नर्मदा घाटी विकास विभाग ——————————
6– श्री प्रवीण शर्मा,{जबलपुर}प्रान्तीय अध्यक्ष, मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब, कार्यालय मुख्य अभियंता,चम्बल बेतवा कछार,जल संसाधन विभाग,परिसर, भोपाल {मध्यप्रदेश}
7– समस्त क्षैत्रीय अध्यक्ष, मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब, भोपाल, जबलपुर, इन्दौर, ग्वालियर, रींवा, होशंगाबाद द्वारा अध्यक्ष, मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब,भोपाल ।
8– क्षैत्रीय अध्यक्ष एवम् प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी–जबलपुर आयोजन समिति 32वीं अन्तरक्षैत्रीय खेल प्रतियोगिता {मुख्यालय–जबलपुर},{मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब,भोपाल की ओर अग्रेषित कर लेख है कि 32वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु प्राक्कलन तैयार करने एवम् प्रतियोगिता सम्बन्धी तैयारियों के लिये सम्बन्धित कार्यपालन यंत्री, आयोजक/उप आयोजक को आवश्यक सहयोग प्रदान करें ।
9– वेब मैनेजर {EIMS} {कार्यपालन यंत्री}कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,जल संसाधन विभाग, भोपाल (01) की ओर विभाग की बेवसाइट में प्रविष्टि हेतु।

की ओर सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

26.5.22

(मदन सिंह डाबर)
प्रमुख अभियन्ता

26/05/2022 15:30